# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस.
# उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 38 / 2024
दायरा दिनांकः—08.08.2024
निर्णय दिनांकः— 23.12.24

## उनवान

ललता बाई आयु 58 वर्ष पुत्री पांचुलाल जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउचा पत्नि जगदीश मीणा निवासी घट्टा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. कन्हैयालाल आत्मज पांचुलाल जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
2. केसरीलाल आत्मज पांचुलाल जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
3. गिरराज आत्मज पांचुलाल जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
4. बद्री बाई पुत्री पांचुलाल जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
5. बलराम आत्मज पांचुलाल जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
6. मनीष आत्मज घनश्याम जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
7. रवीना पुत्री घनश्याम जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
8. मन्जु बाई पत्नि घनश्याम जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
9. जगदीश आत्मज लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
10. पन्सुरी पुत्री लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
11. बादाम बाई पुत्री लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
12. मेघराज आत्मज लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
13. मोरपाल आत्मज लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

14. रामकिशन आत्मज लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
15. सावित्री पुत्री लालजी जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
16. गुलाब पुत्री भेरिया जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
17. पाना पुत्री भैरिया जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
18. गुलाब आत्मज लालु जाति मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
19. कजोड आत्मज गंगाबिशन मीणा निवासी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)
20. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार छबडा जिला बारां (राज0)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः— 23.12.24

अभिभाषक उपस्थितः—1. श्री अरविन्द प्रताप सिंह — प्रार्थी

अभिभाषक वादी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा,136 एल0आर0एक्ट0 विरूद्ध प्रतिवादीगण के न्यायालय मे इस अशय का पेश किया गया कि ग्राम बटावदापार तहसील छबडा जिला बारां राजस्थान में भूमि खसरा नम्बर 20 रकबा 0.8726 है0 अवस्थित है। जो प्रार्थीया तथा अप्रार्थीगण कम संख्या 1 लगायत 5 तथा अप्रार्थीगण कम सख्या 9 लगायत 18 एव घनश्याम चम्पाबाई बून्दाबाई एव रामकरण के शामलाती खातेदारी अर्थात् राजस्व रिकार्ड भू अभिलेख जमाबंदी में दर्ज चली आ रही है। उक्त वर्णित शामलाती खातेदारान मे से घनश्याम का स्वर्गवास हो गया है। जिसके जायज वारिस तथा कायम मुकामान अप्रार्थीगण कम 6.7.8. है इसी प्रकार से चम्पाबाई का भी स्वर्गवास हो गया है। जिसके जायज वारिस तथा कायम मुकामान प्रार्थीया तथा अप्रार्थीगण कम संख्या 1 ता 5 है इसी प्रकार से बून्दाबाई की भी मृत्यु हो चुकी है। जिसके जायज वारिस तथा कायम मुकामान अप्रार्थीगण कम संख्या 9 लगायत 15 है इसी प्रकार से रामकरण की भी मृत्यु हो चुकी है। जो ला औलाद ही फौत हुआ है जिसके जायज वारिस तथा कायम मुकामान उसके भाई तथा बहिने अर्थात अप्रार्थीगण कम संख्या 9 लगायत 15 है। ग्राम बटावदा उंचा तहसील छबड़ा जिला बारां राजस्थान में भूमि खसरा नम्बर 21 रकबा 0.4932 हैक्टीयर अवस्थित है जो प्रार्थीया तथा अप्रार्थीगण कम संख्या 1 ता 5 एंव अप्रार्थी कम संख्या 19 एंव चम्पाबाई तथा लालजीराम के शामलाती खातेदारी में दर्ज चली आ रही है। उक्त वर्णित शामलाती खातेदारान मे से चम्पाबाई तथा लालजीराम का स्वर्गवास हो गया है चम्पाबाई के जायज वारिस तथा कायम मुकामान प्रार्थीया तथा अप्रार्थीगण कम संख्या 1 लगायत 5 एंव लालजीराम के जायज वारिस तथा कायम मुकामान अप्रार्थीगण कम संख्या 9 लगायत 15 है। यह कि ग्राम बटावदा उंचा

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

राशन कार्ड, आधार कार्ड भामाशाह कार्ड, जनआधार कार्ड मतदाता पहचान पत्र में ललता बाई दर्ज है प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकार्ड में ललता बाई के स्थान पर लच्छी बाई दर्ज हो जाने के कारण प्रार्थीया राज्य सरकार से मिलनें वाले सभी लाभों से वंचित होना पड रहा है। प्रार्थी का नाम राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में लच्छी के स्थान पर ललता बाई दर्ज किया जावें।

बहस अभिभाषक प्रार्थी सुनी गई। पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 136 में प्रार्थीया का नाम लच्छी बाई पुत्री पांचुलाल दर्ज है नकल जमाबन्दी ग्राम बटावदाउंचा सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 8 में लच्छीबाई पुत्री पांचुलाल मीना दर्ज है नकल जमाबन्दी ग्राम बटावदाउंचा सम्वत् 2075–78 खाता सख्या 140 में लच्छीबाई पुत्री पांचुलाल हिस्सा 1/14 जाति मीना दर्ज है फोटो प्रति आधार कार्ड जन आधार कार्ड भामाशाह कार्ड पहचान पत्र में प्रार्थीया का नाम ललता बाई दर्ज है इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि ग्राम बटावदाउंचा में ग्राम वासियों से जानकारी की गई। ग्राम वासियों ने बताया कि पांचुलाल की दो पुत्रिया है जिनका नाम लच्छी बाई व बद्रीबाई है गांव में प्रार्थीया को लच्छीबाई के नाम से ही जाना जाता है प्रार्थीया लच्छी बाई का विवाह ग्राम घट्टा में हुआ था ग्राम वटावदाउंचा के राजस्व रिकार्ड में लच्छी बाई नाम नामान्तरण संख्या 446 दिनांक 16.12.2004 से पांचुलाल के फोती नामान्तरण से दर्ज हुआ प्रार्थीया अपना नाम राजस्व रिकार्ड में ललता बाई कराना चाहती है मौके पर ग्राम वासियों से जानकारी की प्रार्थीया को उसके गांव में लच्छीबाई के नाम से पुकारतें है विवाह के बाद प्रार्थीया का नाम लच्छी बाई के स्थान पर ललता बाई पत्नि जगदीश व लच्छीबाई पुत्री पांचुलाल एक ही महिला का नाम है तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट एवं प्रार्थीया द्वारा प्रस्तुत अन्य दस्तावेजो के आधार पर प्रार्थीया का नाम ललता बाई है प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर लच्छी बाई के स्थान पर ललता बाई किया जाना न्यायोचित है।

**:: क्रियात्मक आदेश ::**

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीया का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम बटावदाउंचा तहसील छबडा के खसरा नम्बर 20 रकबा 0.8726 है खसरा नम्बर 21 रकबा 0.4932 है0 खसरा नम्बर 25 रकबा 0.1391 है0 खसर नम्बर 27 रकबा 0.1012 है0 खसरा नम्बर 294 रकबा 0.2782 है0 खसरा नम्बर 295 रकबा 1.7326 है0 खसरा नम्बर 298 रकबा 1.1888 है0 खसरा नम्बर 30 रकबा 0.2150 है0 खसरा नम्बर 411 रकबा 0.2403 है0 खसरा नम्बर 95 रकबा 1.2646 है0 प्रार्थीया का नाम लच्छीबई के स्थान पर ललता बाई दर्ज करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जाते है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
आर.ए.एस.
छबड़ा (बारां)
उपखण्ड अधिकारी, छबडा